17/07/2020

B.A. Part I Sociology (Hons.)
Paper I – Introduction to Sociology
Topic – Culture - Meaning, definition & Characteristics
By – Himanshu Shekhar, J.N. College, Madhubani

संस्कृति –

संस्कृति शब्द संस्कृत भाषा से लिया गया है। संस्कृत और संस्कृति दोनों ही शब्द 'संस्कार' से बने हैं। संस्कार का अर्थ है - कुछ कृत्यों या अनुष्ठानों (Rituals) की पूर्ति करना। इस दृष्टि से संस्कृति का अर्थ होता है विभिन्न संस्कारों के द्वारा सामूहिक जीवन के उद्देश्यों की प्राप्ति।

परिभाषाएं –

हर्स्कोविट्स के अनुसार, "संस्कृति पर्यावरण का मानव निर्मित भाग है।"

टायलर के अनुसार – "संस्कृति वह संपूर्ण जटिलता है जिसमें ज्ञान, विश्वास, कला, नैतिकता, कानून, प्रथा तथा वे सभी क्षमताएँ एवं गुण सम्मिलित हैं जिन्हें मानव समाज का सदस्य होने के नाते प्राप्त करता है।"

मैलिनोवस्की के अनुसार – "संस्कृति जीवन व्यतीत करने की एक संपूर्ण विधि है जो कि व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करती है और उसे प्रकृति के बंधनों से मुक्त करती है।"

मजूमदार एवं मदान – लोगों के जीवन जीने का ढंग ही संस्कृति है।

लोवी – संपूर्ण सामाजिक परंपरा को संस्कृति कहते हैं।

संस्कृति की विशेषताएँ –

संस्कृति मानव निर्मित है,
संस्कृति सीखी जाती है
संस्कृति हस्तांतरित की जाती है

Scanned with CamScanner

- प्रत्येक समाज की एक विशिष्ट संस्कृति होती है
- संस्कृति में सामाजिक गुण निहित होता है।
- संस्कृति समूह के लिए आदर्श होती है।
- संस्कृति मानव आवश्यकताओं की पूर्ति करती है।
- संस्कृति में अनुकूलन करने की क्षमता होती है।
- संस्कृति में संतुलन एवं संगठन होता है।
- संस्कृति मानव व्यक्तित्व के निर्माण में मौलिक होती है।
- संस्कृति अधिवैयक्तिक एवं अधि-सावयवी होती है।

Scanned with CamScanner